M – 2024

Register Number :

**Subject Code : 03**

# HINDI

Time : 3 Hours 15 Minutes] [Total No. of questions : 39] [Max. Marks : 80

*सूचना : 1) **सभी** प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** भाषा तथा **देवनागरी** लिपि में लिखना **आवश्यक** है ।*
*2) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना **अनिवार्य** है ।*

I. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए । **(10x1=10)**

1) दिल का दौरा और एनज़ाइना आम तौर से कितने वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों में देखे जाते हैं ?
i) 50 वर्ष ii) 45 वर्ष iii) 25 वर्ष iv) 35 वर्ष

2) 'नालायक' पाठ के आधार पर 'नालायक' शब्द का अर्थ है –
i) फर्स्ट डिवीजन पास ii) सेकेंड डिवीजन पास
iii) थर्ड डिवीजन पास iv) परीक्षा में फेल

3) धरती माता की कोख में अमूल्य निधियाँ भरी हैं । इसलिए उसे कहा जाता है –
i) वसुन्धरा ii) सुधा iii) आशा iv) सुनन्दा

4) इनमें से अल्लमप्रभु जी के अनुसार 'माया' है –
i) कनक माया है । ii) कामिनी माया है ।
iii) मन के आगे जो चाह है वह माया है । iv) माटी माया है ।

5) रसखान मनुष्य के रूप में जन्म लेना चाहते हैं –
i) यमुना के किनारें ii) नंद की धेनु मँझारन में
iii) गिरि पर्वत पर iv) ब्रज गोकुल गाँव में

6) कवि बच्चन जी यह खोकर रंक हुए –
i) पैसों को ii) परिवार को iii) निज निधि को iv) मित्रों को

7) प्रतिभा के अनुसार इनमें प्रतिभा बसती है –
i) महलों में, गुलगुले गलीचों में ii) वृद्धों की चिंता में
iii) अनुभूति रसायन में iv) यातना, निरत साधक में

8) 'तुम आओ मन के मुग्ध मीत' कविता में कवि किससे बिछुडकर रह गया है ?
i) अपनी पत्नी से ii) अपने मित्र से
iii) अपने परिवार से iv) अपने समाज से

P.T.O.

https://www.karnatakaboard.com

9) युवक की पहली पत्नी सुकेशी उसके लिए थी -
   i) अनुगामिनी   ii) सहगामिनी   iii) अग्रगामिनी   iv) गजगामिनी

10) सिलिया इस खेल में प्रथम आयी थी -
   i) कुश्ती और कबडी   ii) फूटबॉल और हॉकी
   iii) पतंगबाजी और शतरंज   iv) लम्बी दौड़ और कुर्सीदौड़

आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए : **(5×1=5)**
(से, में, की, के पर, ने)

11) i) राजा राम ________ दो पुत्र थे ।
   ii) मंजिल ________ पहुँच जाने पर रोमांच हो ही आता है ।
   iii) राधा के घर जाने ________ माँ ने मुझे मना किया था ।
   iv) मितली ________ शिकायत भी हो सकती है ।
   v) कहते हैं कि प्राचीन काल में भगवान ________ नर नारायण के रूप में यहाँ तप किया था ।

इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए : **(5×1=5)**

| | |
|---|---|
| 12) i) गले लगाना | 1) गिड़गिड़ाना |
| ii) खून का घूँट पीकर रह जाना | 2) क्रोधित होना |
| iii) नाक रगडना | 3) क्रोध को दबाकर बैठ जाना |
| iv) पोल खुलना | 4) आलिंगन करना |
| v) तिनक जाना | 5) भाग जाना |
| | 6) रहस्य प्रकट होना |

II. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(2×3=6)**

13) भारतवर्ष का पुनरूत्थान कैसे होगा ?
14) निन्दकों के संघ के बारे में लिखिए ।
15) अंबेडकर जी को शिक्षा प्राप्त करते समय किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ा ?

आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो के ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : **(2×3=6)**

16) स्त्री गालियाँ सह लेती है, मार भी सह लेती है, पर मैके की निंदा उनसे नहीं सही जाती !
17) 'उठती है या आऊँ', 'बैल के-से दीदे क्या निकाल रही है' ?
18) वह आकर्षण है – सरल भक्ति का, प्रकृति के वैभव का ।
19) मरना तो कोई भी नहीं चाहता, लेकिन मैंने अपने रोगियों को अक्सर मरते देखा है ।

III.अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(2×3=6)**

20) मीराबाई ने जीवन की नश्वरता के सम्बन्ध में क्या कहा है ?
21) 'तोड़ती पत्थर' कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखिए ।
22) मंजिल किन्हें मिलती है ? अपने शब्दों में लिखिए ।
23) नारी के बचपन का चित्रण कीजिए ।

https://www.karnatakaboard.com

आ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : (2x4=8)

24) जहाँ दया तहँ धर्म है, जहाँ
लोभ तहँ पाप ।
जहाँ क्रोध तहँ काल है, जहाँ
छिमा तहँ आप ।।

**अथवा**

मधुर वचन तें जात मिटै उत्तम जन अभिमान ।
तनक सीत जलसों मिटै, जैसे दूध उफान ।।

25) फल-फूलों से हैं लदी डालियाँ मेरी
वे हरी पतलें – भरी थालियाँ मेरी,
मुनि बालायें हैं यहाँ आलियाँ मेरी
तटीनी की लहरें और तालियाँ मेरी,

**अथवा**

मैं हूँ प्रेममयी जग दिखता
मुझे प्रेम का पारावार
भरा प्रेम से मेरा जीवन
लुटा रहा है निर्मल प्यार,

IV. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(3x3=9)**

26) मधुआ पात्र का चरित्र चित्रण कीजिए ।
27) अंततः पहाडी ने तरस खाकर श्मशान से क्या कहा ?
28) वीरजी के परिवार का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।
29) चंद्रप्रकाश अपने फलैट में बेघर लोगों को क्यों नहीं रख पाया ?
30) सिलिया की माँ ने गाँव वालों की सलाह को क्यों नहीं माना ?
31) सिद्धेश्वरी की आँखों से आँसू क्यों टपकने लगे ?

V. वाक्य शुद्ध कीजिए : **2**

32) i) सभी उसको तारिफ करते हैं ।
ii) आनंदी अपने घर आया ।

33) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए । **2**
i) मीरा ने अनेक पद लिखे थे । (भविष्यत् काल में बदलिए)
ii) उसे सम्मानित किया जाएगा । (वर्तमान काल में बदलिए )

34) निम्नलिखित के अन्य लिंग रूप लिखिए । **2**

i) ठाकुर ii) बुद्धिमान ।

https://www.karnatakaboard.com

35) निम्नलिखित के अन्य वचन रूप लिखिए । 2

i) कोठरी ii) दुश्मन ।

36) निम्नलिखित के समानार्थक शब्द लिखिए । 2

i) चाँद ii) तरुण ।

VI. अ) निम्नलिखित अनुच्छेद पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए । 5

37) किसी गाँव में एक किसान रहता था । वह बहुत बीमार पड़ गया । उसके चार बेटे थे । वे हमेशा आपस में लड़ते झगड़ते रहते थे । इसलिए किसान बहुत परेशान था । किसान ने उन्हें समझाने के लिए उनसे लकडियाँ मंगवाई, उसने सभी लकडियों को बांध दिया और सभी से एक-एक कर गट्टर तोडने के लिए कहा । कोई भी लड़का गट्टर तोड़ न सका । उसने गट्टर खोंला और सभी को एक-एक लकडी दी । तब पिता ने उन्हे समझाया, मिलजुल कर रहने पर सदा खुश रहोगे क्योंकि एकता में बल होता है ।

**प्रश्न :**

i) किसान के कितने बेटे थे ?

ii) किसान परेशान क्यों था ?

iii) बेटों ने लकडियों को किस तरह तोडा ?

iv) 'एक' शब्द का विलोम शब्द लिखिए ।

v) इस कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

आ) 38) आप सुनील राठोड हैं, आप छात्रावास में रहते हैं । आपको अपने पिताजी से पता चला है कि आपकी माँ घर में सभी का तो ध्यान रखती है, किंतु अपने स्वास्थ की अकसर अनदेखी करती है माँ को अपने स्वास्थ का महत्व और ध्यान रखने के लिए समझाते हुए एक पत्र लिखिए । 5

इ) हिंदी में अनुवाद कीजिए 5

39) i) ಮಿತ್ರರಿಲ್ಲದೆ ಯಾರು ಸುಖಿಯಾಗಿರಲಾರರು.
No person is happy without Friends.

ii) ನೇತಾರರು ಜನರ ಸೇವಕರಾಗಿರಬೇಕು.
A leader should be a servant of the people.

iii) ಶುದ್ಧಗಾಳಿಯು ನಮ್ಮ ಆರೋಗ್ಯಕ್ಕೆ ತುಂಬಾ ಅವಶ್ಯಕ.
Fresh air is very essential for our health.

iv) ನೀವು ಈ ಪುಸ್ತಕವನ್ನು ಯಾವಾಗ ಹಿಂತಿರುಗಿಸುವಿರಿ ?
When will you return this Book ?

v) ಆ ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಯು ಸಮಯಕ್ಕೆ ಸರಿಯಾಗಿ ಬಂದಿದ್ದರೇ, ನಾನು ಅವನನ್ನು ತರಗತಿಗೆ ಸೇರಿಸುತ್ತಿದ್ದೆ.
If the students had come on time I would have permitted him to the class.

https://www.karnatakaboard.com